यूपी में कानून व्यवस्था बेहतर, निवेश-विकास की क्रांतिः वीके सिंह

विमोचन

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश न केवल एक ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य प्राप्त करेगा बल्कि इससे कहीं बेहतर प्रदर्शन करेगा।

प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ हुई है, निवेश आ रहा है, विकास का माहौल तैयार हुआ है, इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है और प्रदेश में बीते नौ वर्षों में विकास की क्रांति आकार ले रही है। उक्त बातें केंद्रीय सड़क परिवहन, राज्य मार्ग एवं नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल डॉ वीके सिंह ने जेएनयू कन्वेंशन सेंटर में जेएनयू की प्रो.पूनम कुमारी द्वारा संपादित पुस्तक यूपी @ ट्रिलियन अभियानः उत्तर प्रदेश सुदृढ़ अर्थव्यवस्था की ओर" पुस्तक के विमोचन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि भारत के विकास के लिए उत्तर प्रदेश का आर्थिक रूप से मजबूत होना अतिआवश्यक है। उन्होंने कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर की, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। जिन निवेशकों का भरोसा यूपी के ऊपर से उठ गया था। जो निवेशक यूपी से बाहर जा चुके थे वो अब दोबारा निवेश कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने यूपी से भ्रष्टाचार का सफाया कर दिया है। स्कूलों का कायाकल्प किया है। आज यूपी के सरकारी स्कूल के बच्चे भी अंग्रेजी में बात करते हैं। कार्यक्रम की संयोजक और पुस्तक की सम्पादक प्रसिद्ध शिक्षाविद, और जेएनयू में प्रोफेसर पूनम कुमारी ने बताया कि मूलतः अंग्रेजी में लिखित पुस्तक 'योगी एट वन ट्रिलियन ड्राइव : एक्सलरेटिंग यूपी टू ए ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी और इसके हिन्दी अनूदित संस्करण 'योगी एट ट्रिलियन अभियानः उत्तर प्रदेश सुदृढ़ अर्थव्यवस्था की ओर' बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश का शोधपरक लेखाजोखा है।

जेएनयू कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को यूपी की अर्थव्यवस्था पर आधारित पुस्तक का विमोचन केंद्रीय मंत्री डॉ वीके सिंह ने किया।

- वक्ताओं ने कहा, यूपी की आर्थिक मजबूती जरूरी
- योगी के शासन में कानून व्यवस्था बहुत बेहतर हुई

जेएनयू में कार्यक्रम का होना नए युग की शुरुआत

प्रो. पूनम ने इस बात को रेखांकित किया कि प्रदेश के दूरगामी लक्ष्यों पर आधारित यह अपनी तरह की पहली पुस्तक है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों पर आधारित अपनी तरह का यह पहला कार्यक्रम है। दिल्ली में, विशेषकर जेएनयू में इस तरह के कार्यक्रम का संपन्न होना अपने आप में एक नए युग की शुरुआत का द्योतक है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने यूपी के ऊपर से बीमारू राज्य का ठप्पा हटाया। विकास की राह में आ रही अड़चनों को दूर किया।